हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

11 मार्च 2025, समय 1810

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू कल चंडीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी।
- केंद्र सरकार अगले तीन वर्ष में हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पेयजल में टीडीएस की अधिक मात्रा वाले गांवों में जलापूर्ति को नहर नहर आधारित परियोजनाओं से जोड़ा जाएगा।
- पानीपत में संचालित ई एस आई अस्पताल के भवन में एक अतिरिक्त खण्ड का निर्माण किया जाएगा।
- हरियाणा की विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के लिए हुए चुनाव के लिए मतगणना कल सुबह 8 बजे होगी।

*************************************************************

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू कल चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर वे 740 विद्यार्थियों को डिग्री और 70 विद्यार्थियों को पदक प्रदान करेंगी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य लोगों को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर विश्वविद्यालय परिसर में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु विग ने आज, इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की। कुलपति प्रो. रेणु विग ने बताया कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। लाइव स्ट्रीम के लिंक कल साझा किए जाएंगे।

**********************************************************************

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि 2025-26 में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का जांच के 30 दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।
श्री नड्डा ने कहा -

*इस नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हेल्थ को हम अफोर्डेबल, एक्सेसेबल और उसके साथ-साथ इक्विटेबल बनाने के लिए हम क्वालिटी हेल्थ केयर देने का प्रयास एन एच एम के माध्यम से कर रहे हैं और उसमें हम बहुत तरीके के सपोर्ट कर रहे हैं। टेक्निकल सपोर्ट भी कर रहे हैं, मैनपावर सपोर्ट भी कर रहे हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट भी कर रहे हैं।*

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हर घर- नल से जल उपलब्ध करवाया है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा में विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

पेयजल में टीडीएस की मात्रा पर मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने बताया कि रानियां निर्वाचन क्षेत्र में 48 नहर आधारित जलापूर्ति योजनाओं और 38 ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से पिछले कुछ समय में पेयजल के 765 नमूने लिए गए, जिनमें से 39 नमूने खराब पाए गए। वहां पर जलापूर्ति को नहर आधारित जलापूर्ति परियोजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जिले में एक-एक जल जांच प्रयोगशाला स्थापित की गई है।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत में संचालित ई एस आई अस्पताल के भवन में शीघ्र एक अतिरिक्त खंड का निर्माण करवाया जाएगा।आज विधानसभा सत्र के दौरान विधायक प्रमोद विज द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने बताया कि सूचीबद्ध निजी अस्पतालों को पहली अप्रैल 2019 से ले कर 31 मार्च, 2024 तक 5 वर्षों में 34 करोड़ रूपए से अधिक की राशि इलाज के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

************************************************************************

हरियाणा की विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं हुए चुनाव के लिए मतगणना कल प्रातः 8 बजे से शुरू होगी।

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए आयोग द्वारा व्यापक प्रबंध किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।
श्री धनपत सिंह ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में 26 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। चुने गए सभी वार्ड सदस्यों को सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया -

राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पूंडरी के वार्ड 2 से कर्णजीत कौर और वार्ड 11 से संगीता रानी, इंद्री के वार्ड 2 से शशिकांता वार्ड 4 से अनिल कुमार और वार्ड 14 से जितेन्द्र कुमार, हथीन के वार्ड 6 से उरमल , वार्ड से संतोष और वार्ड 11 से सिरातुल निशा, खरखोदा के वार्ड 12 से पूनम, तावडू के वार्ड एक से बिमला देवी, लाडवा के वार्ड 11 से कर्ण सिंह निर्विरोध चुने गए हैं।
****************************************************************************

हरियाणा के सभी जिलों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है।अंबाला के जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने कहा कि महापौर के पद के लिए मतगणना ओपीएस विद्या मंदिर में होगी। मतगणना के लिए 14 मेज लगाए हैं। इसी प्रकार नगर परिषद अम्बाला छावनी के तहत एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में बनाए गए मतगणना केन्द्र में भी 14 मेज लगाए जाएंगे तथा बराड़ा में मतगणना के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतदान केन्द्र में चार--चार मेज लगाए जाएंगे।अंबाला छावनी के अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार ने बताया -

पानीपत में मतगणना आर्य कॉलेज में होंगी। 365 बूथों की गणना के लिए 21 मेज लगेंगे और 19 दौरों में मतगणना पूरी होगी। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया--

करनाल के जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह कहा कि उम्मीदवार या उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का दरवाजा खोला जाएगा। वीडियोग्राफी भी की जाएगी फरीदाबाद के निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जनता और राजनीतिक दलों से अपील की कि वो नगर निगम चुनाव के नतीजों की जानकारी केवल अधिकृत सूत्रों से ही प्राप्त करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।नगर परिषद थानेसर में आम चुनाव के मतों की गणना अग्रसेन पब्लिक स्कूल में दो परत के सुरक्षा घेरे में होगी।

****************************************************************************